झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0)–website–16/2022– 540

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सभी अपर समाहर्त्ता–सह–
जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
झारखण्ड।
(राँची, देवघर, धनबाद, कोडरमा, रामगढ़, सरायकेला–खरसावाँ एवं सिमडेगा जिले को छोड़कर)

राँची, दिनांकः– 22.06.2022

विषयः– **राज्य खाद्य आयोग के वेबसाइट पर ऑनलाईन दर्ज शिकायतों के निष्पादन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम–2013 से आच्छादित मामलों से सम्बन्धित शिकायतें आमजनों से सुगमतापूर्वक प्राप्त करने एवं इनके त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग द्वारा अपने वेबसाईट www.jharkhandsfc.in में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने की सुविधा प्रदान की गई है। इस वेबसाईट पर ऑनलाईन दर्ज शिकायतों का निष्पादन सम्बन्धित जिले के अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी के स्तर से 30 दिनों के अन्दर किया जाना अपेक्षित है। **इस वेबसाईट/पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर सम्बन्धित जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी (DGRO) द्वारा 30 दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं करने पर दर्ज शिकायत स्वतः Lock हो जाता है।**

उल्लेखनीय है कि दिनांक–22.06.2022 को उक्त वेबसाईट/पोर्टल के अवलोकन से पाया गया कि वर्तमान में उक्त वेबसाईट/पोर्टल पर **विभिन्न जिलों से सम्बन्धित कुल 959 शिकायतें दर्ज हैं, जिसमें से 301 शिकायतें Lock हो चुकी हैं, जो खेदजनक है। आपके जिलों से सम्बन्धित शिकायतों की जिलावार स्थिति से सम्बन्धित सूची संलग्न है।**

अतः Locked हो चुके शिकायतों को आपके स्तर से कार्रवाई हेतु पुनः आयोग द्वारा Unlock किया जा रहा है। निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए **एक माह के अन्दर जाँचोपरान्त सभी शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित किया जाय।** साथ ही वैसी शिकायतें जो वर्तमान में प्रासंगिक नहीं हों (यदि कोई हो) तो इनके सम्बन्ध में भी वेबसाईट/पोर्टल पर नियम–संगत Feedback के साथ इन्हें Close किया जाए। 01 अगस्त, 2022 को इस कार्य की आयोग स्तर पर समीक्षा की जाएगी। आयोग के वेबसाईट/पोर्टल पर DGRO Login से सम्बन्धित User ID एवं Password आपको पूर्व में आयोग द्वारा उपलब्ध कराया जा चुका है। **इस कार्य हेतु किसी प्रकार की तकनीकि समस्या होने पर आयोग के प्रोग्रामर, श्री संदीप कुमार से मोबाईल नं0–9708561587 पर संपर्क किया जा सकता है।**

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

22/6/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx148

ज्ञापांक– रा0खा0आ0 (शि0)–website–16/2022– 540 रॉची, दिनांक– 22.06.2022

प्रतिलिपिः– सभी उपायुक्त, (राँची, देवघर, धनबाद, कोडरमा, रामगढ़, सरायकेला–खरसावाँ एवं सिमडेगा जिले को छोड़कर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि विषयांकित मामले में सम्बन्धित अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी को अपने स्तर से भी निदेशित करने की कृपा की जाय।

22/6/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

ज्ञापांक– रा0खा0आ0 (शि0)–website–16/2022– 540 रॉची, दिनांक– 22.06.2022

प्रतिलिपिः– सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची को निदेशानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

22/6/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

O/C

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx149